राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल से मुख्यमंत्री की शिष्टाचार भेंट

जयपुर, 17 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से आज यहां राजभवन में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। राज्यपाल को मुख्यमंत्री श्री गहलोत ने गत शनिवार से शुरू कोविड–19 टीकाकरण अभियान के विभिन्न चरणों के सुचारू संचालन के लिए राज्य सरकार द्वारा की गई चरणबद्ध तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने श्री मिश्र को सरकार द्वारा किये जा रहे विकासात्मक कार्यों से भी अवगत कराया।

———

पूर्व सांसद महावीर भगोरा के निधन पर राज्यपाल की शोक संवेदना

जयपुर, 17 जनवरी । राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने पूर्व सांसद महावीर भगोरा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपनी शोक संवेदना में दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

———

जालोर बस दुखान्तिका पर राज्यपाल ने शोक व्यक्त किया

जयपुर, 17 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने जालोर के समीप तीर्थयात्रियों से भरी बस के बिजली के तार की चपेट में आने से हुई दुखान्तिका पर शोक व्यक्त किया है।

———